हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 दीपावली पर गायों को बांधी जाती है सोहई, तैयारी में जुटे ग्वाले

14 कलेक्टर ने दृष्टिबाधित कमला व दौलतराम ...




संचेती ज्वेलर्स
आज का भाव सोना 74000/-*
आज का भाव चांदी 930/-*
टीप : शुद्ध सोने-चांदी, आभूषण के विक्रेता
हमारे यहां हीरे (Diamonds) के आभूषण भी उपलब्ध है।
पता :- मेन रोड, धमतरी चौक, गुण्डरदेही, जिला बालोद, मो. 9770116200, 6266382228

## खबर संक्षेप

### दुकान से 25 हजार की चोरी कैमरे में कैद हुए चोर

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई अंतर्गत ग्राम फुण्डा बोरगहन स्थित मां परमेश्वरी हार्डवेयर व कृषि केंद्र की दुकान से अज्ञात चोरों ने सोमवार की दरम्यानी रात को दुकान का शटर उठाकर दुकान के गल्ले में रखी नकदी रकम की चोरी कर ली। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान मालिक टिकेन्द देवांगन ने थाना रनचिराई में दुकान में चोरी होने की घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंच कर जांच शुरू की। इस दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज को खंगालने पर सोमवार की रात तकरीबन 12:30 बजे दो नकाबपोश चोर दुकान में चोरी करते कैमरे में दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि चोरों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा है, जिससे चोरों की पहचान अभी नहीं हुई है। दुकान मालिक टिकेन्द देवांगन ने बताया कि दुकान के गल्ले में लगभग 25 हजार रूपए थे, जिन्हें अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए हैं।

### रेंगाडबरी में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 3 को

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में लक्ष्मी स्थापना के उपलक्ष्य में आमापारा बाजार चौक रेंगाडबरी द्वारा 3 नवंबर को रात्रि में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में युगल का प्रवेश शुल्क 151 रूपए रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 3501 रूपए बंसीधर आर्य चित्ररेखा आर्य द्वारा प्रदत्त, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपए लिलार नेताम द्वारा, तृतीय पुरस्कार 1501 रूपए नेमन साहू द्वारा तथा चतुर्थ पुरस्कार 1001चन्द्र प्रकाश सोनी द्वारा दिया जाएगा। इसी तरह सामुहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 201 रूपए तथा प्रथम पुरस्कार 5001 रूपए जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति रेंगाडबरी द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपए युटीएन साउंड सिस्टम द्वारा, तृतीय पुरस्कार 2501 रूपए रघुनाथ निषाद द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 1001 कुमारी मैडम द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### कलंगपुर में 3 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा भाईदूज व मातर उत्सव

**बालोद/कलंगपुर।** दीपावली पर्व पर 3 नवंबर को ग्राम कलंगपुर में भाईदूज व मातर उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा। यहां प्रति वर्ष मातर उत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हरिश कुमार कुल्हारे एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू ने बताया कि ग्राम विकास समिति द्वारा सभी ग्रामवासियों के सहयोग से शाम को गौठान में आतिशबाजी की जाएगी। मातर उत्सव के उपलक्ष्य में गांव के सभी कर्मचारियों के सहयोग से रात्रि में लोक रंजनी संस्था की प्रस्तुति रखी गई है।

### गैजी में मां महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना आज होंगे कई कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम गैजी में दीपावली पर माँ लक्ष्मी समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा लक्ष्मी पूजन के दिन 31 अक्टूबर को माँ लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके तहत 1 नवंबर को संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक भंडारा प्रसादी एवं रात्रि 8.30 बजे से अजय शीतला जस झांकी कांदुल अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी। 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा के दिन रात्रि 6.30 बजे से महाआरती एवं जस सेवा गीत की प्रस्तुति किल्लेकोड़ा द्वारा दी जाएगी। 3 नवंबर को सुबह 11 बजे हवन एवं शेष पेज 12 पर

**आरोप : जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से दुकानदार बरत रहे लापरवाही**

# पटाखा दुकानों में सुरक्षा उपायों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में संचालित सभी स्थायी व अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने की एडवायजरी जारी कर अधिकारी ने अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। उसके बाद किसी ने पटाखा बाजार की ओर देखना मुनासिब नहीं समझा कि वहां सुरक्षा उपायों के इंतजाम की क्या स्थिति है। जिले की अधिकांश पटाखा दुकानों में शासन की एडवाइजरी की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, पर कोई सुधार करने वाला नहीं है। जिला मुख्यालय सहित जिले के तमाम तहसील मुख्यालयों में प्रशासन की भी लापरवाही नजर आई, जहां आपात स्थिति से निपटने प्रशासन ने कोई मजबूत तैयारी नहीं की है। आमतौर पर पटाखा दुकान लगने के बाद जिला मुख्यालय में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी तैयार खड़ी रहती थी। इसके साथ ही उसमें पर्याप्त कर्मचारी दिन भर तैनात रहते थे। लेकिन इस साल जिला मुख्यालय में पटाखा दुकानों को आरंभ हुए तीन दिन हो गए हैं, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी कहीं नजर नहीं आई। नगर पालिका का एक टैंकर जरूर पास में दिखा। जो कि आपात स्थिति से निपटने में कहीं से भी सक्षम नजर नहीं आ रहा है, लेकिन जिले के अन्य तहसीलों में पानी का टैंकर भी नजर नहीं आया।





### सुरक्षा उपायों पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

*गुरूर। नगर में एसडीआरएफ द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन नहीं किया जा रहा है। नगर के रिहायशी क्षेत्र में लगी पटाखा दुकानें सारे नियम कायदों को तोड़कर संचालित हो रही हैं। पटाखा व्यावसायियों की मनमानी को प्रशासन मूक दर्शक बने देख रहा है। प्रशासन भी सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है। यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी तो दूर एक पानी का टैंकर भी नहीं है।*

*नगर में वार्ड क्रमांक 01 के मैदान में पटाखा दुकान लगाई जाती है। वर्षों पूर्व जिस समय यहां पटाखा दुकान लगनी आरंभ हुई थी, उस दौरान यहां खुला मैदान था, लेकिन आज इस क्षेत्र में घनी आबादी निवास करती है।*

*एसडीआरएफ मुख्यालय द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुसार पटाखा दुकाने, कपड़ा, बांस, रस्सी, टैंट आदि से निर्मित नहीं होना चाहिए, लेकिन नगर में बनी दुकानें कपड़ा, प्लास्टिक बांस, रस्सी से बनी हुई है। दों दुकानों के मध्य कम से कम तीन मीटर की दूरी होना चाहिए, नगर में पटाखा दुकानों को सटाकर लगाया जा रहा है। ऐसे में कभी कोई घटना होती है तो उसे तेजी से बढ़ने से रोकना नामुमकीन होगा। फटाखा दुकानो में सुरक्षा के सभी मानको को दरकिनार कर संचालन किया जा रहा है, बहुसंख्यक दुकानो मे 5 किलो क्षमता का डीपीसी अग्निशमन यंत्र नजर नहीं आया, वहीं 200 लीटर क्षमता वाला पानी का ड्रूम भी नजर नही आए। यहां यह भी बताया जाना प्रासंगिक होगा कि नगर में पटाखा दुकानदारों द्वारा लाईसेंस में उल्लेखित मात्रा से अधिक पटाखा का जखीरा दुकानों में भर रखा है। वहीं आधे से अधिक व्यावसायी दूसरे के लाइसेंस पर पटाखा का व्यापार कर रहे हैं।*

### क्या कहते हैं अधिकारी?

एडवाईजरी जारी करने वाले जिला अग्निशमन अधिकारी से बीते तीन दिनो में कई बार संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया। वहीं, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे ने कहा कि मैं तीन दिन पहले गई थी, तब उन्होंने रखा था, अब हटा दिये होंगे तो मैं देख लेती हूं।

### सटाकर लगाई गई दुकानें

जिला मुख्यालय में ही आधे से अधिक दुकानों में 5 किलो क्षमता का अग्निशामक यंत्र नजर नहीं आया। न ही पटाखा दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता का पानी का ड्रम नजर आया। पूरे जिले में लगी पटाखा दुकानें एक दूसरे से सट कर लगाई गई हैं, जबकि दो दुकानों के बीच तीन मीटर अर्थात 10 फीट की दूरी होनी चाहिए थी। एडवाइजरी जारी करते समय अधिकारी ने चेतावनी दी थी कि पटाखा दुकानों आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 एवं छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी, लेकिन ऐसा लगता है कि एडवाईजरी जारी करने वाले जिले के जिम्मेदार अधिकारी अपनी एडवाईजरी जारी कर भूल गए।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

कुसुमकसा बस स्टैंड से लगभग 100 मीटर दूर दल्लीराजहरा की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकल चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। किसी ने राजहरा थाना में घटना की सूचना दी, जिसके बाद थाना प्रभारी सुनिल तिर्की ने पुलिस को घटना स्थल भेजा। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मृतक की मोटरसाइकिल को किनारे करवाया और शव को मर्चुरी चिखलाकसा भिजवाया और आवागमन चालू करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार मोटर साइकिल चालक अपने वाहन क्रमांक सीजी 24-3778 से दल्लीराजहरा की ओर जा रहा था। इस बीच अज्ञात वाहन की ठोकर से वह मोटरसाइकल से उछलकर बीच सड़क में गिर गया। उसी समय उसके पेट पर से वाहन का चक्का गुजर गया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। राजहरा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# मंदिर से दानपेटी चुराकर भागा चोर खेत में फेंका, जेवर व रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- ग्राम माहुद बी के शीतला मंदिर में रविवार रात हुई चोरी

ग्राम माहुद बी के शीतला मंदिर में माता के आभूषणों सहित दानपेटी में रखे करीब एक लाख 30 हजार रुपए को अज्ञात चोर ने पहले तो चोरी कर लिया। लेकिन, उसके बाद उसे गांव के ही एक किसान के खेत में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने दान पेटी को क्षतिग्रस्त हालत में खेत से बरामद किया। वहां लगभग 72 हजार रुपए के 500, 200 और 100 के नोट फटे हुए मिले, जबकि शेष सही हालात हैं।

मंदिर से दानपेटी और आभूषण की किसने चोरी की है और चोरी करने के बाद आखिर इस तरह से बदमाशी करते हुए करीब 72 हजार रुपए के नोटों को क्यों फाड़ दिया, यह जांच का विषय है। जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम माहुद बी निवासी पुजारी ओमन सिंह ठाकुर ने गुण्डरदेही थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गांव के शीतला मंदिर में ज्योति कलश के लिए कोई अलग से कक्ष नहीं होने के कारण ज्योति कक्ष निर्माण के लिए 1,30,000 रूपये शीतला मंदिर की दान पेटी में रख दिया था, उस संबंध में किसी को जानकारी नहीं था।

27 अक्टूबर की शाम करीबन 7 बजे मंदिर की साफ सफाई की, फिर दीया जलाकर मंदिर के चैनल गेट में ताला लगाकर अपने घर चला गया। 28 अक्टूबर को सुबह लगभग 5 बजे पूजा करने शीतला मंदिर गया, तो मंदिर के चैनल गेट का ताला खुला था। अंदर जाकर देखा तो सामने के दानपेटी में लगा ताला खड़ा दिखाई दिया, वहीं दानपेटी बेंड हो गई थी। उसके बाद अंदर शीतला माता की प्रतिमा के पास रखी दानपेटी के पास पहुंचा, तो वहां दान पेटी नहीं थी। दानपेटी में 1,30,000 रूपये नगदी एवं सोने के 3 लाकेट, फुल्ली 1 नग, चांदी के 2 नग नयन, 1 नग माला व 1 जोड़ी पैरपट्टी रखी थी।

घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। उसके कुछ देर बाद गांव का किसान जगजीवन मारकण्डे अपनी शेष पेज 12 पर

# जिसे कालोनी का आम रास्ता बताया, वह भाजपा नेता की निजी जमीन निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

- कुछ लोगों ने प्रशासन से की थी रास्ते की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

वार्ड 14 कन्हैया विहार कालोनी की जिस जमीन को लोग कॉलोनी का आम रास्ता समझ रहे थे, वह भाजपा नेता प्रमोद जैन की निजी जमीन निकली। इस मामले में श्री जैन ने कहा कि अपने खिलाफ की गई झूठी शिकायत एवं समाचार प्रकाशन के बाद प्रमोद जैन एक्शन लेने की तैयारी कर रहे हैं।

प्रमोद जैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 30 फीट का रास्ता बताकर अपनी जमीन को टुकड़े में रजिस्ट्री कर बेचने का जो आरोप वार्ड 14 के कुछ लोगों ने लगाया है वह बेबुनियाद है, पवन गांधी, अशोक दिल्लीवार व कांग्रेस कार्यकर्ता डा मानसिंह सार्वा बिना किसी जानकारी के मेरे खिलाफ खबर लिखवाकर मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, जो गलत है।

प्रमोद जैन ने बताया कि वार्ड 14 कन्हैया विहार कालोनी व श्रीराम कालोनी अवैध है। वार्ड के रहवासी ने दूसरे से जमीन लेकर मकान बनाया है। मैंने इन लोगों को कोई जमीन नहीं बेची है, ना शेष पेज 12 पर

### एक शिकायतकर्ता ने कहा, मैंने श्री जैन से नहीं ली जमीन

इधर जिस जमीन को वार्डवासी कॉलोनी का रास्ता समझ रहे थे वह प्रमोद जैन की निजी जमीन है, इस बात की जानकारी होते ही वार्डवासियों में हड़कंप मच गया है। शिकायत करने वालों में से एक वार्ड 14 निवासी पवन गाँधी ने कहा कि मैंने प्रमोद जैन से जमीन नहीं ली है और न ही प्रमोद जैन से वार्ड 14 में जमीन या रोड रास्ता के संबंध में कोई शिकायत की है। मैंने वार्ड निवासी होने के नाते नाली निर्माण में रूकावट न आए, इसलिए समस्त कालोनी वासियों के साथ निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि वार्ड 14 में पानी निकासी नहीं होने की वजह से भारी समस्या का सामना करना पडता है।

# दीपावली पर बड़े पैमाने पर खेला जा रहा जुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- जिले के कई इलाकों में बड़े-बड़े दांव लगाने की मिल रही खबर

दीपावली पर्व के बीच बीते दो-तीन दिनों से जुआरियों का दबदबा देखने को मिल रहा है। वैसे तो जिले में जुआ सट्टा का मामला सामने आना आम बात है, लेकिन दीपावली पर्व में सटोरिए व जुआरी पुलिस से बेख़ौफ़ होकर अपने कारोबार को अंजाम देते हैं। करहीभदर बाजार में मंगलवार को पूरी रात बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने की चर्चा रही।

दीपावली पर्व पर सटोरियों व जुआरियों द्वारा शहर से लेकर गांवों तक व अंदरूनी इलाकों सहित आस पास के जंगलों में जहां तक पुलिस की नजर नहीं जाती, उन इलाकों में 52 पत्ती ताश के साथ रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलने की शिकायत सामने आ रही है। हालांकि पुलिस ने बीते कुछ दिनों से जुआ एक्ट के अलग-अलग मामलों में जुआरियों पर कार्रवाई की है।

कोतवाली पुलिस ने बीते तीन दिनों में बालोद व ग्राम जगन्नाथपुर में 52 पत्ती ताश खेलने वालों पर कार्यवाही की और 9 लोग मुकेश कुमार देशमुख, तामेश्वर साहू, ताम्रध्वज निषाद, उमेश सिंह, विरेन्द्र शांडिल्य, रोनित यादव, तरूण कुमार साहू, दुष्यंत कुमार साहू, नीरज सिंग को रंगे हाथों पकड़ा है।

वहीं डौंडीलोहारा पुलिस ने भी लोहारा के रानी तालाब पार, ग्राम बकलीटोला और संबलपुर में भी 11 जुआरियों लीलाधर, श्याम सुंदर, लखन लाल, मुन्नालाल, योगेश कुमार, संजय गिरी, गुलशन रामटेके, तिजउ निषाद, नील कमल बारले, विरेन्द्र यादव, प्यारे लाल देहारी को 52 पत्ती ताश व नगदी रकम के साथ पकड़ा गया। इसी के साथ ही गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोरतरा के पानी टंकी के नीचे और ग्राम छेड़िया के मंदिर के पास बिजली पोल के नीचे जुआ खेलने वाले जुआरियों को तास व नगदी रकम के साथ घनश्याम, पवन सिन्हा, दीपक, ईश्वर पटेल, चेमन कोसरिया, राहुल कुमार साहू, गोलु साहू, कामता साहू, जय प्रकाश साहू तथा भावेश कुमार साहू इन सभी जुआरियों को गिरफ्तार किया गया।

जिले के तमाम थाना क्षेत्रें में आज और कल दो दिनों तक दिन और रात जुआरियों का अलग अलग ग्रुप 52 पत्ती ताश के साथ जुआ खेलते कई ठिकानों पर नजर आएंगे। दीपावली पर्व में लोग पैसे की हार जीत को लेकर जुआ खेलते हैं।

**पूजा सामग्री सहित अन्य वस्तुओं की होगी खरीदी**

# दीपावली आज, ग्राहकों से गुलजार रहेंगे बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आज जिले में दीपावली पर्व की धूम रहेगी। बीते तीन दिनों से लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। आज भी बाजार गुलजार रहेगा, आज सुबह से कमल फूल, माँ लक्ष्मी की मूर्तियां, पूजा की सामग्री, लाई बताशा से लेकर कपड़ा, बर्तन, सोने चांदी के आभूषण सहित किराना सामग्री की खरीदारी करने वाले लोगों की भीड़ आज रहेगी।

आज शाम को लोग शुभ मुहूर्त में माँ लक्ष्मी, सरस्वती व भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। गांव गली और शहर रंगबिरंगे जगमगाते लाइट तथा दिये कि रौशनी से रौशन है, वहीं रात भर आतिशबाजी से माहौल उत्साह भरा है, यह उत्साह आज और कल भी रहेगा। कल शनिवार को गोर्वधन पर्व को धूमधाम से मनाया जाएगा।



### गौरी-गौरा का विसर्जन कल, सोंटा खाने की परंपरा निभाएंगे लोग

तीन दिनों तक गौरी गौरा भगवान निर्मित करने और कई तरह की रस्मों को पूरा करने सहित उनका विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद गौरी गौरा का कल विसर्जन किया जाएगा। गौरी गौरा का विसर्जन के दौरान बैगा के दौरा सोंटा मारा जाता है। सोंटा खाने की परंपरा काफी समय से चली आ रही है। कल पूरे दिन शहर से लेकर गांव तक गौरी गौरा का विसर्जन होगा। उसके बाद शाम होते ही गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम होगा। इस दौरान राऊत भाइयों द्वारा गायों से गोबरधन खुंदाने की रस्म निभाई जाएगी।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने किया पुस्तक का विमोचन




**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा मंगलवार को ऑस्टियोपोरोसिस एक रोकथाम योग्य रोग हिंदी संस्करण पुस्तक का विमोचन किया गया। लेखिका डॉ. नंदा गुरवारा एवं डॉ. डेजी द्वारा यह पुस्तक लिखी गई है। इस पुस्तक में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या के बारे में एवं समस्या से बचने के उपाय के बारे में बताया गया है। यह पुस्तक अत्यंत वस्तु परख एवं समझ में आ सकते वाली भाषा में है। स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में काम करने वालों के साथ ही सामान्य व्यक्ति भी इससे लाभान्वित होंगे। इस पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने इस पुस्तक के उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विमोचन के अवसर पर हरीश गुरवारा, नमन शर्मा, अखिलेश साहू एवं नागरिक उपस्थित थे।

### आयुर्वेद परिषद ने मनाई धन्वंतरि जयंती

**रायपुर।** विश्व आयुर्वेद परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा डीडीनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गत दिनों धन्वंतरि जयंती मनाई गई। इस मौके पर समिति के प्रदेश संयोजक डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने राज्य में होने वाले नए आयामों पर चर्चा की। पूर्व सांसद डॉ. भूषणलाल जांगड़े, आयुष विभाग संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास, किसान संघ कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर, कामधेनु विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक डॉ. पीएल चौधरी ने अपना व्याखान दिया। कार्यक्रम में डॉ. मनोहर लहेजा, डॉ. आराधना कण्डे, डॉ. यशवंत चंद्राकर, डॉ. नम्रता तिवारी, डॉ. सस्मिता त्रिपाठी, डॉ. विश्वास वर्मा, डॉ. जीआर चतुर्वेदी, आयुष बोर्ड के डॉ. संजय शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### मेकाहारा कैंसर अस्पताल में जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**रायपुर।** दिवाली के अवसर पर एक समूह ने मेकाहारा कैंसर अस्पताल परिसर में गरीब और असहाय मरीजों के लिए कपड़े दान किए। समूह के युवाओं ने अस्पताल के मरीजों और उनके परिवारों को नए कपड़े दान कर दिवाली की खुशियों को और भी विशेष बना दिया। इस दान में बच्चों और वयस्कों के लिए कपड़े, जूते और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी। इस दान अभियान से अस्पताल के कई मरीजों और उनके परिवारों को लाभ हुआ और उनके चेहरों पर मुस्कान आई। इस समूह में सूरज जैन, साहिल सेन, राज सोनी, अभिनीत श्रीवास्तव, दीपक जैन, यश राजपूत, युवराज प्रधान, अमय पांडेय, आशुतोष सोनी, खुशी जैन, वासनी गुप्ता, वंशिका जैन, मयंक सोनी आदि थे।

### मंत्री ओपी को किसान ने पहनाया धान का हार

**रायपुर।** मंत्री ओपी चौधरी को किसान ने धान का हार पहनाया और दिवाली की बधाई दी। इस पर खुशी जाहिर करते मंत्री श्री चौधरी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, छत्तीसगढ़ म देवारी ले धान के फसल पक के तइयार हो जथे। जम्मो डहर सोन कस धान के बाली लहलहाथे। ये मउका म धान के पूजा करे के अऊ धान के बाली ल दुआरी म लगाए के परंपरा हे। रइपुर के किसान भाई पटेलजी ह धान के माला पहिरा के तिहार के बधई दिस। जम्मो भाई-बहिनी मन ल देवारी के बधई।

### चैंबर का दीपावली मिलन समारोह 1 नवंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का दीपावली मिलन समारोह 1 नवंबर को दोपहर 1 बजे बांबे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल व्यापार भवन में आयोजित है। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने प्रदेश के व्यापारियों सहित संगठन के पदाधिकारी व सदस्यों को दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है। साथ ही चैंबर परिवार को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी है।

# मॉपअप के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 18, बीडीएस की 285 सीटें खाली

**5 नवंबर तक बढ़ाई गई एडमिशन की अंतिम तारीख, होगा स्ट्रे वैकेंसी राउंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो चरण की नियमित और एक मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के बाद शासकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सभी सीटों पर एडमिशन हो गया है। एकमात्र निजी कालेज की पूरी सीटें भरी हैं और चार चिकित्सा महाविद्यालयों में 18 सीटें खाली हैं। इसी तरह निजी और सरकारी डेंटल कालेजों में 285 सीटें खाली रह गई हैं। यूजी एडमिशन की अंतिम तारीख 5 नवंबर तक बढ़ाई गई है, जिसके आधार पर स्ट्रे वैकेंसी राउंड पूरा किया जाएगा।

प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों और दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस और बीडीएस एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है जो अब अंतिम चरण में पहुंच रही है। राज्य और प्रबंधन तथा एनआरआई कोटे की सीटों में एडमिशन के लिए मॉपअप राउंड तक की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक राज्य के सभी दस मेडिकल कालेजों के राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया है। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की 95 प्रतिशत से ज्यादा सीटें भर चुकी हैं। चार निजी कालेजों में एमबीबीएस की कुल 18 सीटें बाकी रह गई हैं, जिस पर एडमिशन के लिए आने वाले दिनों में स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह निजी और शासकीय डेंटल कालेजों में राज्य और प्रबंधन कोटे की करीब 580 सीटें हैं जिसमें से 285 सीटें खाली पड़ी हैं। निजी कालेजों के साथ ही शासकीय डेंटल कालेज में बीडीएस की 24 सीटों पर एडमिशन के लिए विद्यार्थियों का इंतजार है। सीटों को देखते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन की अंतिम तारीख पांच नवंबर तक बढ़ाई गई है। बीडीएस एडमिशन के लिए भी स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जाएगा।

### बीडीएस के लिए नया रजिस्ट्रेशन

डीएमई डॉ. यूएस पैंकरा ने बताया कि बीडीएस की रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए नियमानुसार छात्रों का नया पजंयीन किया जाएगा। इसके लिए 30-31 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। पंजीयन के साथ संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद आवंट्न सूची तैयार होगी जिसमें पहले पूर्व पंजीकृत छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस आधार पर आने वाले दिनों में स्ट्रे वेकैंसी राउंड पूरा किया जाएगा।




### किस मेडिकल कॉलेज में कितनी सीट खाली

रायपुर इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेस में प्रबंधन की 5 और राज्य कोटे की 1 सीट

श्री शंकराचार्य इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेस भिलाई में प्रबंधन कोटे की 3 सीट

श्री बालाजी इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज रायपुर में प्रबंधन की 3 और राज्य कोटे की 1 सीट

श्री रावतपुरा इंस्टी. ऑफ मेडिकल साइंसेज नवा रायपुर में एनआरआई की 2 तथा प्रबंधन कोटे की 3 सीट

**तैयारी : बिरगांव निगम ने समितियों के साथ मिलकर शुरू करवाई सफाई**

# छठ पूजा से पहले निगम क्षेत्र के तालाबों की सफाई शुरू, तीन नवंबर से रंगीन लाइटों से जगमाएंगे घाट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उत्तर भारतीय परिवारों की आस्था का महापर्व छठ पूजा दीपोत्सव के बाद शुरू होने वाली है। इसके मद्देनजर अब निगम प्रबंधन व पूजा समितियों ने आपस में तालमेल बनाकर तालाबों की सफाई का क्रम शुरू किया है। अभी पूजा के लिए बनाए गए घाट के पास फैले कचरे को हटाया जा रहा है। इसके लिए निगम ने भी सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी दी है। निगम क्षेत्र के आधा दर्जन तालाबों में इस बार भी छठ पूजा की तैयारी है।

राजधानी के तालाबों में जहां 2 नवंबर से छठ पूजा घाट की सफाई शुरू होगी, वहीं इसके पहले बिरगांव निगम क्षेत्र में तैयारी और सफाई का दौर अभी से शुरू हो गया है। एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने बताया कि निगम क्षेत्र की मुख्य छठ पूजा व्यास तालाब में की जाती है। समाज के लोगों से तालमेल बनाकर 28 अक्टूबर से ही अलग-अलग दिन तालाबों की सफाई करवा रहे हैं।

ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि त्योहारी छुट्टी के बाद सफाई कर्मी वार्डों में व्यस्त हो जाते हैं। इसे देखते हुए अलग-अलग तालाबों में सफाई के लिए अभी से सफाई कर्मी भेज रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत उरकुरा, रावांभाठा, उरला, अछोली और सरोरा स्थित छठ ताताब की सफाई भी शुरू की गई है।

### दीपोत्सव के बाद उठाएंगे कचरा

निगम के साथ छठ पूजा समिति के लोग अपने कर्मचारी भी सफाई में लगा रहे हैं। कचरा हटाने और सफाई में सहयोग के लिए निगम भी रोज 6 से 8 कर्मचारी अलग-अलग तालाब की सफाई के लिए भेज रहा है। वार्ड प्रतिनिधि ने बताया कि त्योहारी अवकाश से पहले यानी 30 नवंबर तक पूजा घाट व इसके आसपास की सफाई करवाई जाएगी। इसमें निकलने वाले कचरे को अभी तालाब किनारे ही रखवा रहे हैं। दीपोत्सव के बाद विसर्जन होने वाली पूजा सामग्री निकालने के साथ ही पुराने सूखे हुए कचरे को बाहर किया जाएगा। इसके बाद पूजा घाट की व्यवस्था आयोजन समिति के लोग संभालेंगे।

### 6 नवंबर को होगी छठ पूजा

इस बार भी दीपोत्सव के छठवे दिन यानी 6 नवंबर को उत्तर भारतीय परिवार के लोगों द्वारा भक्तिमय माहौल में छठ पूजा की जाएगी। इसके पहले समाज के लोग तीन नवंबर से ही व्रत नियम का पालन करने लगेंगे। इस दिन से ही छठ घाट को रंगीन लाइटों से सजाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा है। हर साल की तरह निगम क्षेत्र का मुख्य छठ पूजा घाट व्यास तालाब में सजाया जाएगा। इसके साथ उरला, अछोली और सरोरा में भी भव्य तरीके से छठ पूजा का आयोजन करने की तैयारी है। इसकी शुरुआत छठ पूजा घाट की सफाई करते हुए की गई, इसे जल्द ही पूरा भी किया जाएगा।

# झारखंड और महाराष्ट्र चुनाव में लगे अफसरों की दीपावली वहीं मनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के आईएएस और आईपीएस अफसरों को पर्यवेक्षकों के तौर पर तैनात किया गया है। दोनों ही राज्यों में मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख खत्म होने के साथ ही पर्यवेक्षकों में पुलिस और आय-व्यय को जांचने वाले पर्यवेक्षक भी रहेंगे। दोनों राज्यों की प्रत्येक विधानसभा में पर्यवेक्षकों की तैनाती दी गई थी। दीपावली का त्योहार बीच में पड़ने के कारण इन अफसरों को यहीं रहकर मनाना पड़गा, वे वापस अपने घर नहीं लौट पाएंगे।

- दोनों राज्य में नामांकन दाखिल की हर गतिविधि पर होती है नजर

महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अफसर, जिसमें छह महिला आईएएस अफसर भी शामिल हैं, को भेजा है। चुनाव आयोग द्वारा जिन अफसरों को बुलाया गया है, उनमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में तैनात अधिकारी शामिल हैं। इनमें शामिल अधिकारियों में आर प्रसन्ना, भुवनेश यादव, सीआर प्रसन्ना, जनक प्रकाश पाठक, शम्मी आबिदी, शिखा राजपूत तिवारी, केडी कुंजाम, किरण कौशल, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, जितेंद्र कुमार शुक्ला, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, इफ्फत आरा, पुष्पा साहू, रितेश कुमार अग्रवाल, तारण प्रकाश सिन्हा, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कुमार, कुलदीप शर्मा, कुंदन कुमार के नाम शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन पूरा होने के बाद पर्यवेक्षकों को चुनावी गतिविधियों पर पूरी नजर रखनी पड़ती है।

### इस दिन वोटिंग और रिजल्ट

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर जहां दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान है, वहीं महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को मतदान है। दोनों राज्यों का चुनाव परिणाम 23 नवंबर को आएगा।

### ट्रेनिंग के बाद भेजे गए

चुनाव आयोग द्वारा इन अफसरों को विधानसभा चुनावों की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। ट्रेनिंग के बाद इन अधिकारियों को चुनाव संचालन से संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियों का पालन करना होगा, जिसमें मतदान प्रक्रिया, वोटों की गिनती और चुनाव के बाद की प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी शामिल हैं।

# दीपावली से पहले 1500 से अधिक स्ट्रीट लाइट फिटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम का विद्युत विभाग शहर में दीपावली पूर्व बंद स्ट्रीट लाइट को सुधारने में लगा हुआ है। इसके साथ ही 1500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई जा चुकी है। वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिलने पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर प्रकाश व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। दरअसल, शहर के रहवासी इलाके सहित आउटर में बसे वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर प्रभावित इलाके के रहवासी परेशान रहे। निदान 1100 और निगम के चैट बोट पर स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिली। इस पर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त ने सभी दस जोन के आयुक्त और कार्यपालन अभियंता सहित विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें जोनवार इसकी समीक्षा हुई।

- बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारने का चल रहा काम

### 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग

निगम मुख्यालय विद्युत शाखा ने विभिन्न वार्डों में 150 से ज्यादा नई स्ट्रीट लाइट की फिटिंग लगाई है। मुख्य मार्ग सहित वार्डों की कालोनियों, स्लम बस्तियों में स्ट्रीट लाइट सुधारी जा रही है। अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय एवं अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े के निर्देश पर जनसुविधा की दृष्टि से शहर में प्रकाश व्यवस्था सुधारी जा रही है।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

- आज होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 6 जनवरी को अंतिम प्रकाशन

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में आयोग को सहयोग प्रदान करें। साथ ही लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल भी बैठक में उपस्थित थे।

**18 वर्ष पूर्ण करने वाले करेंगे आवेदन** : फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ऐसे भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारण वश मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आगामी 1 जनवरी के साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अपना अग्रिम आवेदन दे सकते हैं।

### 89 विधानसभा क्षेत्रों किया जाएगा प्रकाशन

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर को रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर प्रदेश के शेष 89 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही दावा, आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ हो जाएगी। नागरिक 28 नवम्बर तक दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान 9-10 नवम्बर तथा 16-17 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के बाद 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# सरकारी कर्मचारी के सुसाइड नोट के मामले में गृहमंत्री और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने कलेक्टोरेट के कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय की मौत के जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल एफआईआर कर जांच करने की मांग की है। श्री उपाध्याय उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना के लगातार शिकार रहे, उन्होंने कलेक्टर से भी जाकर अपनी व्यथा बताई। जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर आत्महत्या के लिए उनको मजबूर होना पड़ा। गृहमंत्री विजय शर्मा को मामले में जांच समिति गठन करने की मांग की है। मामले में कलेक्टर गौरव सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया।

- छत्तीसगढ़ युवा विप्र संगठन ने की जांच समिति गठन की मांग

पूर्व महापौर एवं नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने जिन अधिकारियों के नाम सुसाइडल नोट में आए हैं, उन पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई कर एफआईआर करने की मांग की है। उन्होंने कहा, पूरे प्रदेश में कई ऐसे प्रकरण लगातार देखने को मिल रहे हैं, जिसमें ब्राम्हण समाज विशेष के लोगों को टारगेट बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। कुछ दिनों पूर्व नीलमणी दुबे इसके शिकार हुए जिनका 2 माह में 6 बार ट्रांसफर हुआ। कुछ बड़े सचिव स्तर के अधिकारियों को भी अकारण कई मामलों में फंसाने का प्रयास किया गया।

इसमें कुछ हद तक सफलता भी ऐसे लोगों को मिली। ब्राहमण समाज को इन सब के बावजूद टारगेट बनाकर प्रताड़ित किए जाने की ऐसी घटनाओं से काफी रोष व्याप्त है।

### दोषी लोगों पर कार्रवाई तक चलेगा आंदोलन

समाज के प्रतिनिधियों के साथ जनप्रतिनिधियों का बड़ा समूह जब तक इस घटना के दोषी लोगों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक अनवरत चरणबद्ध आंदोलन करने की रूपरेखा बनाई है। आज प्रथम चरण में जिम्मेदार मंत्रियों एवं अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। आगे की रूपरेखा समाज प्रमुखों की बैठक में तय की जाएगी।

### अफसरों के खिलाफ सुसाइड नोट पर तत्काल कार्रवाई की मांग

शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने प्रशासन के तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ सुसाइड नोट लिखा, उस मामले को लेकर विप्र समाज सहित कई संगठनों के लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। जिन अफसरों का नाम इसमें आया है, उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इन अफसरों को यहां से हटाकर निष्पक्ष जांच कराना चाहिए। विप्र समाज ने भी आपत्ति दर्ज की करते हुए मांग की है तत्काल उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, विप्र समाज का प्रदीप उपाध्याय सुसाइड नोट लिखता है, उस पर एफआईआर नहीं होने से पूरे प्रदेश में अराजक मामला है। उन्होंने कहा, ऐसी प्रशासनिक अराजकता क्यों? सुसाइड नोट मिलने के साथ ही तत्काल उन तीन अपर कलेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। घटना के 48 घंटे बीत गए, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं करना भाजपा सरकार द्वारा ऐसे मामलों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को इस मामले में अपना मत स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अफसरों को निलंबित कर यहां से अन्यत्र पदस्थ कर निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई करना चाहिए।

**कहा- सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है रन फॉर यूनिटी**

# रन फॉर यूनिटी : मुख्यमंत्री साय ने मंत्रियों के साथ लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव में राजधानीवासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरंदर मिश्रा,



मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

**राष्ट्र को किया एकजुट :** सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

### एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश

मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता, अखंडता को बनाए रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देती है। सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर आगे बढ़ें। गौरतलब है कि इस वर्ष दीपावली उत्सव को देखते हुए 29 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

# बच्चों को दी मिठाई, पटाखे भी बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानव सेवा माधव सेवा के तहत सिंधी साहित बिरादरी मंडल द्वारा 8 बस्तियों में जाकर करीब 400 बच्चों को फ्रूट्स, स्वीट्स, बिस्किट, पटाखे दिए गए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि उनके चेहरे पर जो मुस्कान दिख रही थी, उससे हमें जो दुआए मिलीं, वही हमारे जीवन में काम आएंगी। इस दिवाली मुहिम में अपने यार-दोस्तों, रिश्तेदारों को भी शामिल करें। इसी कड़ी में सिंधी साहिति बिरादरी मंडल महिला विंग ने दिव्यांग बच्चों के स्कूल लिली चौक में जाकर उनके साथ दिवाली मनाई और सेनेटरी पैड और फ्रूट्स दिए। निशा, पूजा हेमानी, किरण, भावना तहलयानी, जया अजवानी, कशिश हेमानी के अलावा दिनेश अजवानी, सतीश छुगानी, मनोहर छुगानी, शुभम, नरेश लालवानी, नरेश दानवानी, सुनील अजवानी, नरंद्र हरचंदानी शामिल हुए।



सुख -समृद्धि और ऐश्वर्य देने वाली
देवी माँ लक्ष्मी जी की कृपा
आप सभी के ऊपर बनी रहें...
लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनोद ट्रेडिंग कंपनी
शंकर टिम्बर मार्ट
गंजपारा, बालोद




सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य देने वाली देवी मां लक्ष्मी जी की
कृपा आप सभी के ऊपर सैदव बनी रहे...
लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं...
ओम नवकार ट्रेडर्स
पाकुरभाट, धमतरी रोड, बालोद
श्री दिलीप सांखला




बालोद जिले का सर्व सुविधा युक्त मॉल अब आपके शहर में...
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
AKANSHA TOWER
Ticket Rate
100₹ SILVER
150₹ GOLDEN
250₹ DIAMOND
PACHI CINEMA
छत्तीसगढ़ का पहला भव्य
लग्जरी सिनेमा बालोद
एट मोस्टफेयर रेस्टोरेंट एवं गेम जोन
आकांक्षा टॉवर, सुमीत बाजार के ऊपर, दूसरे माले पर
दुर्ग रोड, बालोद (छ.ग.) मो. 7898737656
ताराचंद सांखला
जिलाध्यक्ष राईस मिल एसोसिएशन
जिला बालोद (छ.ग.)
मो. 94255 61139
SHOWTIME
दोपहर 12-3
दोपहर 3-6
शाम 6-9
रात 9-12
BOOKING AVAILABLE
bookmyshow

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका ने दी दीपावली की बधाई



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार हमारी समृद्ध वैभवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। त्योहारों का यह अवसर हमें समाज में एकता, सद्भाव और प्रेम का संदेश देता है। यह त्योहार समस्त नागरिकों के लिए मंगलमय हो और उनका जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर हो।

### बदले गए अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टर




रायपुर। राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का तबादला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक शिव कुमार बनर्जी अपर कलेक्टर बिलासपुर को उपसचिव मंत्रालय, राम प्रसाद चौहान मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिलासपुर को उपसचिव मंत्रालय, उमेश कुमार पटेल को अवर सचिव राजस्व और आपदा को वाणिज्य और उद्योग विभाग मंत्रालय, श्रीकांत वर्मा संयुक्त कलेक्टर कोरबा को अतिरिक्त संचालक पंचायत संचालनालय, दुष्यंत कुमार संयुक्त कलेक्टर सक्ती को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण, अनुपम आशीष टोप्पो डिप्टी कलेक्टर को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी चिप्स में पदस्थ किया गया है।

### कांग्रेस प्रवक्ता भंसाली होंगे साउथ नागपुर के समन्वयक

रायपुर। एआईसीसी ने महाराष्ट्र के 43 विधानसभा में समन्वयक नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नितिन भंसाली को साउथ नागपुर का कोओर्डिनेटर नियुक्त किया है। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आभार जताया है।

### जनसंपर्क आयुक्त ने ली कामकाज की जानकारी

रायपुर। जनसम्पर्क संचालनालय के नव पदस्थ आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ संवाद के सभा कक्ष में जनसम्पर्क संचालनालय एवं संवाद के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से विभागीय कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संचालक जनसम्पर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जेएल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, हर्षा पौराणिक, संतोष मौर्य सहित संचालनालय के संयुक्त संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक सहित संचालनालय एवं संवाद के अधिकारी मौजूद थे।

# 50 से कम सदस्य होने पर नहीं हो पाएगा बूथों में भाजपा संगठन का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। अगले माह सदस्यता अभियान के समाप्त होने के बाद सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए, जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर बूथ कमेटियों का चुनाव नहीं हो सकेगा। सदस्यता अभियान में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारी संख्या में ऐसे बूथ हैं, जहां 50 से कम सदस्य बने हैं। इसको लेकर पार्टी ने फरमान जारी किया है कि ऐसे बूथों में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले हर हाल में 50 सदस्य बना लिए जाएं।

भाजपा का राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रदेश में भी इस समय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान के 15 ननंबर को समाप्त होने के बाद भाजपा का संगठन चुनाव प्रारंभ होगा। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों में जिला स्तर पर चुना अधिकारी बना दिए गए हैं।

## अगले माह से प्रारंभ होगा भाजपा का संगठन का चुनाव



### बूथों पर पहले होगा चुनाव

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन अभी दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथों को छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे उन बूथों में चुनाव नहीं होगा। बूथों में चुनाव के लिए 20 से 30 नवंबर की समय सीम तय की गई है। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

## सुनील सोनी के वायरल वीडियो पर बवाल

# शिवरतन बोले- फेक वीडियो से कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब






हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर दक्षिण के चुनाव संचालक पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा ने कहा, फेक वीडियो से कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब है। रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के वायरल वीडियो मामले कांग्रेस अपने ही फैलाए जाल में फंस गई है। ताजा मामले में कांग्रेस ने वीडियो में दिखाए गए मौलाना को पत्रकारों के समक्ष लाकर यह स्वीकार कराया की वीडियो सही है।

श्री शर्मा ने कहा, उन्हीं मौलाना ने पत्रकार वार्ता के बाद कांग्रेस भवन में ही यह भी स्वीकार किया कि, वीडियो को एडिट किया गया है। उन्होंने अपना नाम शोएब बताया है और कहा, फोटो 2019 की है। तब सुनील सोनी जी उससे मिले थे। लेकिन वीडियो को एडिट किया गया है। उन्होंने मेरा गाल नहीं चुमा था। श्री शर्मा का कहना है, पहले एआई की मदद से फेक वीडियो बनाया फिर मौलाना से जबरदस्ती यह कहलवाया कि वीडियो असली है। लेकिन कांग्रेस को यह नहीं भूलना चाहिए कि वो चाहे जितनी कोशिश कर ले सच्चाई छुप नहीं सकती है। उन्होंने कहा, ओछी राजनीति से चुनाव नहीं जीता जाता है कांग्रेस का चाल, चरित्र चेहरा पूरा देश जनता है। इसीलिए कांग्रेस खात्मे के रास्ते पर है और आने वाले समय में रायपुर दक्षिण की जनता भी उसको आईना दिखा देगी।

### कांग्रेसी नेताओं ने कहा- हमारे प्रवक्ता ने वीडियो नहीं बनाया

*कांग्रेस नेताओं कहा, सुनील सोनी के साथ भाईजान की तस्वीर हमारे प्रवक्ता ने शेयर की, ऐसा झूठा आरोप लगाकर एफआईआर की गई है। उन्होंने कहा, बृजमोहन की पूरी टीम अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा से लेकर रायपुर दक्षिण के नेता सिविल लाइन थाना पहुंचकर एफआईआर कराने के लिये आवेदन दिये हैं। हमारे प्रवक्ता ने कोई वीडियो नहीं बनाया, वह पहले से वायरल है। इस चुनाव की शुरुआत में ही इतना भय भारतीय जनता पार्टी को दिख रहा है। प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, धनेंद्र साहू और सत्यनारायण शर्मा मौजूद थे। उन्होंने कहा, अगर एफआईआर होना है, तो कल ही शासकीय कर्मचारी प्रदीप उपाध्याय ने प्रशासन के खिलाफ सुसाइड नोट लिखा हुआ है। ऐसी प्रशासनिक अराजकता क्यों? विप्र समाज के लोगों ने भी आपत्ति दर्ज की है और मांग की है, तत्काल उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिये।*

### शोएब ने कहा- सुनील गले मिले, माथा चूमे थे

शोएब ने कहा कि दो अप्रैल 2019 को सुनील सोनी आये थे मुझे माला पहनायें, गले लगाये एवं चूमे थे। फोटो फेक नहीं है, हमारे साथ ये वाकया हुआ था। भाजपा नेताओं और मंत्रियों से मुलाकात होती रही है, मुख्यमंत्री से मिलने उनके निवास भी गया था।



ग्राम नवागांव (डू) में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित : बालोद/सिकोसा। ग्राम नवागांव (डू) में जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी के प्रतिमा की स्थापना की गई। जहां ग्रामीणों द्वारा प्रातः व शाम मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जा रही है।



पैरी में स्थापित की गई मां लक्ष्मी की प्रतिमाः बालोद/सिकोसा। ग्राम पैरी में लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा दीपावली के अवसर पर ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई है। ग्राम के अन्य लोगों के साथ छोटे बच्चे मां की पूजा अर्चना करने मे लगे हुए है।



डुण्डेरा में स्थापित की गई मां लक्ष्मी की प्रतिमा : बालोद/सिकोसा। ग्राम डुण्डेरा में लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम के कलामंच में मां लक्ष्मी की प्रतिमा की स्थापना की गई है। ग्राम के बुजुर्गों एवं युवाओं के साथ ही छोटे बच्चे व महिलाएं भी मां लक्ष्मी की सेवा में लगे हुए हैं। जहां सेवागीत के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे एमपी के सीएम, समापन में आएंगे उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव पर नवा रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं 6 तारीख को होने वाले समापन समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य के जिलों में 5 नवंबर को एक दिन का राज्योत्सव मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में हर साल एक नवंबर से राज्योत्सव शुरु होता है। लेकिन इस बार दीपालवी,गोवर्धन पूजा, भाईदूज का त्यौहार होने के कारण सरकार ने तय किया है कि राज्योत्सव 4 नवंबर से मनाया जाएगा। यह आयोजन नवा रायपुर में तीन दिनों का होगा। तीसरे दिन 6 तारीख को राज्य अलंकरण पुरस्कार बांटे जाएंगे। दूसरी ओर जिलों में एक दिन का राज्योत्सव रखा गया है। यह आयोजन सभी जिलों में 5 नवंबर को होगा।

### राज्योत्सव में होंगे ये कार्यक्रम

संस्कृति संध्या में वॉलीवुड सिंगर शान, नीति मोहन, इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता आकर्षण का केंद्र होंगे। सांस्कृतिक संध्या में 4 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर श्री शांतनु मुखर्जी (शान) का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 5 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन का कार्यक्रम होगा। 6 नवंबर की शाम को इंडियन आइडल विजेता पवनदीप और अरुनिदिता का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

**6 को राज्य अलंकरण समारोह** : राज्योत्सव के आखिरी दिन 6 नवंबर को राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रमुख विभागीय योजनाओं पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। निजी संस्थानों और पीएसयू संस्थानों के लिए भी हैंगर बनाया जाएगा। कृषि और जल संसाधन विभाग द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में विभागों की नई योजनाएं प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। राज्योत्सव आयोजन स्थल पर शिल्पग्राम, फूड कोर्ट भी बनाया जाएगा। यहां ट्राइबल फूड भी उपलब्ध होगा। बच्चों के लिए फन पार्क भी बनाया जाएगा जहां विभिन्न झूले होंगे।

# अब स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली 3 तक चलेगा राष्ट्रीय अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस साल पहली बार स्वच्छ दिवाली- शुभ दिवाली अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। खास बात ये है कि यह अभियान भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह अभियान छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में चलाया जा रहा है। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को अभियान के संचालन के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। 28 अक्टूबर से शुरू हुआ ये अभियान 3 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान चार प्रमुख गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

- सभी नगरीय निकायों में चलेगा ये अभियान
- दिवाली के 24 घंटे के भीतर होगी सफाई

### ये हैं चार प्रमुख गतिविधियां

अभियान के तहत स्वच्छता लक्षित इकाईयों का रूपांतरण किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा सभी नगरीय निकायों को स्वच्छता लक्षित इकाईयों की पहचान जारी रखने तथा योजनाबद्ध तरीके से उनकी सफाई और रूपांतरण किया जाएगा। स्वच्छता अभियानों का संचालन के तहत कचरा मुक्त शहर के लक्ष्य की पूर्ति के लिए शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दीवाली के बाद 24 घंटे के भीतर विशेष सफाई अभियान आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में ट्रिपल आर केंद्रों का संचालन किया जाना है। इस अभियान के तहत निकायों के हर वार्ड में एक ट्रिपल आर केंद्र स्थापित होगा। जिसमें घरों से निकलने वाली अनुपयोगी सामग्री को जमा कर वार्डवार जागरूकता अभियान संचालित कर व्यापक-प्रचार प्रसार किया जाएगा। नागरिकों द्वारा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में स्वभाव और संस्कार का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## देवेंद्र से जेल में मिले टीम राहुल के सदस्य बायजू और प्रतिष्ठा

रायपुर। बलौदाबाजार मामले में जेल में बंद देवेंद्र यादव से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के टीम के सदस्य एबी बायजू और डॉ. प्रतिष्ठा सिंह ने सोमवार को मुलाकात की। बताया गया है कि उनके आने और जेल में मिलने की जानकारी पीसीसी को नहीं थी। जेल के रजिस्टर में इन दोनों के नाम की इंट्री है। बताया जाता है कि दोनों दिल्ली से यहां पहुंचकर सीधे जेल में मिलने गए। उन्होंने देवेंद्र से क्या चर्चा की, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पिछले 2 महीनों से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद है। देवेंद्र से मिलने कांग्रेस के बड़े नेता लगातार रायपुर पहुंच रहे है। राहुल गांधी के टीम के खास सदस्य उनसे मिलने पहुंचे और इस मुलाकात को गोपनीय रखा गया, यहां तक की स्थानीय कांग्रेसजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी।







# लोन पटाने कंपनी ने इतना बनाया दबाव, कस्टमर ने कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोन देने के बाद उसकी रिकवरी करने के लिए अक्सर कई प्राइवेट बैंक और फाइनेंस कंपनियां अपने कस्टरों के साथ ऐसा सख्त रवैया अपनाती हैं, जिसके कारण कस्टमर को मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ता है।

कई कस्टमर इस प्रताड़ना को सहन भी करते हैं, लेकिन जो नहीं कर पाते वे आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लेते हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर में आया है। फाइनेंस कंपनी के एजेंट की प्रताड़ना से तंग आकर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने शव को कंपनी के दफ्तर के सामने रखकर प्रदर्शन भी किया। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद प्रदर्शन को समाप्त कर दिया। पारस नगर फाफाडीह निवासी मृतक नितेश दुबे ने सोमवार रात को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने मंगलवार सुबह शव का पंचनामा कार्यवाही कर उसका पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम कराने के बाद देर शाम को जब शव मृतक के परिजनों को मिला, तो वे एंबुलेंस से शव को लेकर घर नहीं जाकर सीधे नेहरू नगर पुलिस लाइन के सामने संचालित आरडीके ग्लोबल फाइनेंस कंपनी कार्यालय पहुंचे और यहां शव को कार्यालय के बाहर निकालकर मुआवजा राशि और कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश देकर गंज थाना जाने के लिए कहा।

- परिजनों ने दफ्तर के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

परिजन इसके बाद एंबुलेंस लेकर सीधे गंज थाना पहुंचे, जहां कंपनी के खिलाफ केस दर्ज करने और मुआवजा राशि की मांग करने लगे। थाना प्रभारी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि मामले की जांच की जाएगी। जांच में अगर फांसी का कारण प्रताड़ना से होना पाया गया, तो इस मामले में केस भी दर्ज किया जाएगा। थाना प्रभारी की समझाइश के बाद परिजन शव को लेकर अपने घर लौट गए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
अरिहंत
टाईल्स ग्रेनाईट पाईप फीटिंग सेनेटरी
छड़ सीमेंट हार्डवेयर
इलेक्टानिक्स फर्नीचर प्लाईवुड पेन्ट
विगत 41 वर्षो से आपके विश्वास एवं स्नेह का प्रतीक
अरिहंत
बर्तन एवं लोहा भंडार
एजेंसी
बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर
शुभ दीपावली
नवीन साज सज्जा के साथ पधारे,
हमारे नये
विशाल शो रूम
नींव से निर्माण तक सब कुछ...
एक ही छत के नीचे
ग्रेनाईट सभी कलर एवं साईजों में
सिरामीक, विक्ट्री फाईड, वॉल टाईल्स, फूलबॉडी टाईल्स,
की विशाल रेंज उपलब्ध।
बाथरूम फिटिंग, पुट्टी, पेंट, प्लाई डोर, माड्यूलर किचन, रेडिमेड फर्नीचर
उपलब्ध।
KAMDHENU STEEL
UltraTech CEMENT
asianpaints
NEROLAC
FinOlex INDUSTRIES
Ambuja Cement
फेस्टिवल ऑफर
Limited Time Offer
नगद खरीदी पर पायें ढेर सारे उपहार
LED TV, फ्रीज, कूलर, वाशिंग मशीन,
इलेक्ट्रीकल सामान, फर्नीचर, दीवान,
सोफा, आलमारी, ड्रेसिंग टेबल,
डाइनिंग टेबल, प्लास्टिक चेयर,
फोम गद्दा, प्लाईवुड पेंट
और बहुत कुछ...
टाइल्स, ग्रेनाइट, पाइप फिटिंग,
सेनेटरी, मॉड्यूलर किचन,
छड़, सीमेंट, रेती, गिट्टी,
हार्डवेयर एवं संपूर्ण बिल्डिंग मटेरियल
Get up to 40% OFF On Electronics
Get up to 25% OFF On Furniture
नींव से निर्माण तक एक छत के नीचे सारा सामान उचित दाम पर उपलब्ध
₹ 5000 से अधिक की नगद खरीदारी पर पाएं
Bluetooth Speaker/Power Bank
₹ 15000 से अधिक की नगद खरीदारी पर पाएं
Cooker/Iron
₹ 30000 से अधिक की नगद खरीदारी पर पाएं
Gas Stove/Dinner Set
₹ 50000 से अधिक की नगद खरीदारी पर पाएं
Mixture in Grinder/Induction
₹ 75000 से अधिक की नगद खरीदारी पर पाएं
Silver Coin
₹ 100000 से अधिक की नगद खरीदारी पर पाएं
Gold Coin
BAJAJ FINSERV
Options Available!
Offer valid Only on Electronics & Furniture Products
Haier Inspired Living
USHA
VOLTAS
HAVELLS
BAJAJ
LLOYD
LG
SAMSUNG
गायत्री मंदिर के पास, मेन रोड, डौंडीलोहारा, जिला बालोद
9893474303, 8889688699, 8000008905, 7224994403

# दीपावली पर गायों को बांधी जाती है सोहई, तैयारी में जुटे ग्वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला में ग्वाले दीपावली में गायों को सोहई बांधने की तैयारी में लगे हुए हैं, जहां विभिन्न प्रकार के सोहई का काम अंतिम चरण पर है। जहां एक ओर शहरों के साथ कई ग्रामों में गायों को यूं ही खुला छोड़ा जा रहा है तथा उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, वहीं ग्राम नेवारीकला में ग्वाले सालभर एक सुरक्षित स्थानों पर गायों को चराने के साथ ही शाम को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने का काम करते हैं। वे गायों के लिए सोहई निर्माण कर दीपावली के दिन गाजे बाजे के साथ उन्हें बांधते हैं। दीपावली त्यौहार के लिए ग्राम नेवारीकला के ग्वाले चार माह पहले सावन से ही सोहई बनाने के काम में लग जाते हैं। वे परिवार सहित इस कार्य में लगे रहते हैं। इसके लिए वे मयूर पंख, बोरी की रस्सी के साथ बोरा सूत, परसा पेड़ के जड़ के रेसों का उपयोग कर सोहई का निर्माण करते हैं। सोहई को परसा पेड़ के जड़ के रेसों से निर्माण करने के साथ ही कौड़ी, छोटे दर्पण, मयूर पंख लगाकर सोहई का निर्माण करते हैं।

**एक दिन में केवल 5 सोहई बना पाते हैं :** ग्वालों ने बताया कि एक दिन में सिर्फ 5 ही सोहई बना पाते हैं। हमारे गांव के आस पास ऐसी कलाकारी के साथ सोहई कोई नहीं बनाता। हम सावन से लगातार इस कार्य में लगे रहते हैं। हम 500 की संख्या में सोहई बनाते हैं। वहीं, दीपावली में सोहई बांधने के बदले लोग अपने हिसाब से धान, पैसा, कपड़ा देते हैं।

## नेवारीकला के ग्वाले सावन माह से शुरू कर देते हैं सोहई बनाने का काम



### परसा के पेड़ की जड़ों से बनते हैं असली सोहई

उन्होंने बताया कि परसा के पेड़ की जड़ों के रेशे, जिन्हें बांक कहते हैं, वह हमारे क्षेत्र में नहीं मिल पाते हैं, जिसके लिए हमें महंगे दामों पर रायपुर या उतई में जाकर खरीदना पड़ता है और यही असली सोहई है, जिसे बनाने के बाद उसे रंगों से सजाया जाता है। ग्वाले विष्णु रावण, नारद रावत, हेमु रावत, गोपेन्द्र रावत, जितेन्द्र रावत, लावेन्द्र रावत, खम्हन रावत, भुनेश रावत, सतीश रावत ने बताया कि सबसे पहले भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पूजा के समय परसा पेड़ की जड़ों के रेशों से सोहई बनाकर गायों में बांध कर इस परंपरा का आरंभ किया था, तब से आज तक हम भी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। जहां भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पूजा के समय गाय को गोबर खुंदा कर सब गोबर का टीका लगाए, तब यह परंपरा आरंभ हुई। उन्होंने बताया कि ग्राम नेवारीकला में हम सबसे पहले सोहई दीपावली के दिन ग्राम के देवी देवता को समर्पित करते हैं, जहां गांव के सांहड़ा देव में सबसे पहले सोहई बांधी जाती है। उसके बाद गोवर्धन पूजा के दिन गायों में बांधा जाता है, जिसके 11 दिन बाद जेठौनी एकादशी को अन्य गायों में सोहई बांधी जाती है।

### उम्र के हिसाब से बांधी जाती है सोहई

ग्वालों ने बताया कि सोहई के कई प्रकार के होते हैं। वे एक, दो, तीन, चार, पांच, आठ, दस, ग्यारह और बारह गांठ के अनुसार बनाए जाते हैं, जो पशुओं की उम्र के आधार पर निर्धारित रहती हैं।, इनमें से भैंस के लिए गैंठ, भैंसी के लिए पचेड़ी, गाय के लिए सोहई, बछुआ में गैठा बांधा जाता है, जिनके घर गाय या कोई भी पशु नहीं है, उनके तुलसी चावरा में सोहई बांधी जाती है।

## खबर संक्षेप

### सांसद के खेत से सबमर्सिबल पंप और केबल ले गए चोर

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल के खेत में लगे सबमर्सिबल पंप और केबल तार को अज्ञात ने 27-28 अक्टूबर की रात चोरी कर फरार हो गए। हो गए हैं। सांसद के खेतों की देखभाल करने वाले रिसाली भाठा निवासी कृष्णा यादव घटना की शिकायत भिलाई तीन थाने में दर्ज कराई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि कृष्णा ग्राम उरला खार स्थित खेतों की रखवाली करता है। बीते 27 अक्टूबर को रोज की तरह वो खेतों की देख रेख के लिए गया था। शाम 5.30 बजे खेत में बने कमरे में ताला लगाकर अपने घर रिसाली चला गया था। 28 अक्टूबर सोमवार की सुबह 8 बजे जब वो फिर से खेत पहुंचा तो देखा कि खेत में बने कमरे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरे के अंदर से सबमर्सिबल मोटर, केबल वायर 500 मीटर 2.5 एमएम और खेत में लगे दो सबमर्सिबल मोटर का केबल वायर करीबन 35 फीट 2.5 एमएम गायब मिला। कृष्णा ने बताया कि चोरी गए सामान की कुल कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस आसपास में चोरी के लोगों की तलाश में जुटी हुई है। पाटन, कुम्हारी और भिलाई तीन के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों से बोर पंप और तार चोरी की कई वारदाते अब तक हो चुकी है।

## कार्यक्रम : गोपाल गोरक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (गौशाला) में किया गया आयोजन

# निःशुल्क नाड़ी परीक्षण कर किया गया औषधि वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गोपाल गोरक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (गौशाला) आवारी नाला डौंडी में योग वेदांत सेवा समिति, धर्म जागरण जिला बालोद, करनी सेना बालोद, संत आशाराम बापू के शिष्य परिवार, तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आयुर्वेद दिवस धनवंतरी अवतरणोत्सव, धनतेरस पर दरिद्र नारायण सेवा सहित किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेंसी संस्कार परिसर बालोद के संचालक नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत द्वारा निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं औषधि वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू थे, अध्यक्षता भाजपा मंडल डौंडी अध्यक्ष मनीष झा ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष योग वेदांत सेवा समिति बालोद डॉक्टर बीआर साहू, समाज सेवी और नाड़ी विशेषज्ञ महासचिव तुलसी मानस प्रतिष्ठान पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, छगन यदु, राधेश्याम सिन्हा संरक्षक, सचिव गोपाल गौ शाला डीएस मरकाम रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धनवंतरी, भगवान गोपाल कृष्ण और सदगुरुदेव बापू के पूजन कर किया गया। गुरुकृपा भजन मंडली सोनईडोंगरी, निपानी के गौभक्तों, संगीत साधक खिलेस्वर साहू, वामन साहू, गोपाल, नितिन, ओमेश, किरण और गौरी ने भजन प्रस्तुत किया।

गौशाला का प्रतिवेदन सहित आयोजन की रूपरेखा, कृषि में गाय के गोबर से निर्मित खाद का उपयोग कर भूमि के संरक्षण, गौ माता के रक्षा की आवश्यकता, जहर रहित खेती की आवश्यकता पर छगन यदु ने विचार रखा। गौसेवक पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने संतों और सनातन धर्म पर हो रहे षड्यंत्रों पर प्रहार करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में सहिष्णुता, मैत्री, विश्व बंधुत्व के साथ वसुधैव कुटुंबकम की भावना कूट कूटकर भरी है। हमारे सनातन धर्म और संतों ने अन्य धर्मों के मानने वालों का कभी भी अहित नहीं चाहा। हमने हमेशा सर्वे भवन्तु सुखिना सर्वे संतु निरामया कहा।

आयोजन के प्रणेता पुरुषोत्तम राजपूत ने कहा कि इस आयोजन का मूलभाव यह कि अपने घरों पर सभी दीपावली पर दीपक जलते हैं क्यों न हम उन गरीबों के घरों में दीपक जलाने को सोचें जिनके पास आज भी खाने को अन्न, पहनने को वस्त्र और पर्वों पर पांच दिया जलने का सामर्थ नहीं है। ऐसे असहाय, दिव्यांग, परित्यक्त, निरश्रितों को तलाश कर आयोजन समिति दस वर्षों से हितग्राहियों को अतिथियों द्वारा पैर धोकर, पैर पोछकर, आरती उतार, मंगल टीका लगाकर दैनिक उपयोग की सामग्री यथा चावल, दाल, शक्कर, कंबल, धोती, साड़ी, वस्त्र, थाली, गिलास, कटोरी, मिठाई, चरण पादुका, दीपक बाती और नगद दक्षिणा भेंट करने की सेवा कर रही है। आभार और संचालन चुम्मन हिरवानी ने किया।



### 100 से ज्यादा लोगों को दी गई दवा

चिकित्सा शिविर में वातरोग, स्त्रीरोग, उदर रोग, चर्मरोग, खांसी, सर्दी जुकाम, बुखार, बालरोग सहित विभिन्न व्याधियों के निदान हेतु लगभग 100 से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया। चिकित्सा शिविर में गव्य सिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के निर्देशन में गव्य सिद्ध टेमीन, डेमन यादव, प्रमोद साहू, ऋषि साहू ने सेवा दिया। दरिद्र नारायण सेवा में योग वेदांत समिति जिला प्रशासन के जनक हिरवानी, लक्ष्मण बंजारे, लखन बंजारे, हिरोशनी यादव(चारामा), देवेन्द्र यादव, पवन यदु, ठोकेश्वर देवदास, भोला साहू, भूखन, डामन भूआर्य सहित जिले के साधक गणों और गौ शाला परिवार के हिंसा राम साहू अध्यक्ष, देवलू पटेल, उपाध्यक्षद्वय टेकराम साहू, संरक्षक जीवन धनकर, सचिव डीएस माली, महासचिव डीएस मरकाम, कोषाध्यक्ष अंकित तिवारी, उपकोषाध्यक्ष नरोत्तम साहू ने सेवा दी।

## पेज 7 के शेष

### मंदिर से दानपेटी चुराकर ..

फसल देखने खेत गया, तो वहां 500, 200 व 100 के कुछ नोट कटे-फटे एवं कुछ नोट साबूत पड़े मिले। उन्होंने इसकी जानकारी गांव वालों को दी। गांव के नारायण साहू, नरसिंह सिन्हा, हीरामन साहू, कन्हैया साहू खेत में पहुंचे। वहां 500, 200 व 100 के नोट कुल 71,790 रूपये फटे हुए एवं 58,210 रूपये साबूत मिले। इसके साथ ही दान पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवर वहीं पड़े मिले। साबूत 58,210 रूपये व मिले सोने चांदी के जेवर को शीतला मंदिर में वापस लाकर रखा गया। लेकिन, दानपेटी में रखे सोने के 3 नग लाकेट नहीं मिले। पुजारी की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिसे कालोनी का आम ...

ही इन लोगों से कोई मेरा लेना-देना है। इन दोनों कालोनी का रास्ता दूसरी ओर है। मेरी जमीन से इन लोगों के लिए रास्ता नहीं है और जो 30 फीट का रास्ता बता रहे हैं, वह मेरी खुद की निजी जमीन है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र, एसडीएम व नगर पंचायत को जो शिकायत की कापी सौंपी गई है, वह झूठी है।

प्रमोद जैन ने आगे बताया कि वार्ड 14 की दोनों कालोनी अवैध हैं। दूसरे से कालोनी वाले जमीन खरीदे हैं, यह प्राइवेट जमीन है और इस कालोनी में सरकार के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। जमीन वाले ने बिना रास्ते के, बिना कोलोनाइजर एवं डायवर्सन के जमीन बेच दी है। इसकी जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। इन सभी बातों को लेकर मैंने कलेक्टर व एसडीएम को जानकारी देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रमोद जैन ने शिकायतकर्ता के खिलाफ वकील के माध्यम से नोटिस भेजने की बात कही है।

### गैजी में मां महालक्ष्मी ...

संध्या 4 बजे तक विसर्जन कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि 8 बजे से रंगारंग रिकार्डिंग डान्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में एकल नृत्य, युगल एवं सामूहिक नृत्य के लिए अलग अलग पुरस्कार की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। समिति के अध्यक्ष भूपेश कुमार भुआर्य ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजारामजी तारम जनपद सदस्य जनपद पंचायत डौंडीलोहारा होंगे, अध्यक्षता सावित्री जगनायक सरपंच ग्राम पंचायत गैजी करेंगी।







संकलनकर्ता- ओम प्रकाश दुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली पर्व
लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा व भाई-दूज
की हार्दिक बधाई... एवं शुभकामनाएं...



श्रीमती अनिला भेंडिया
पूर्व मंत्री एवं विधायक
डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र

श्री गोविन्द चन्द्राकर
विधायक प्रतिनिधी
डौण्डीलोहारा

श्री गोपाल प्रजापति
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी
डौण्डीलोहारा



गौ-माता की सेवा करें
एक गौ भक्त, डौण्डीलोहारा

सभी सुधि पाठकों, विज्ञापन दाताओं को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं...

- निशा न्यूज एजेन्सी हरिभूमि डौण्डीलोहारा
- निशा इलेक्ट्रिकल्स डौण्डीलोहारा
- देवांगन ट्रांसपोर्ट डौण्डीलोहारा
- अम्बे ट्रेडर्स, सिविल व इले.कांट्रेक्टर डौण्डीलोहारा



यतेन्द्र देवांगन | पावन देवांगन | नितिन देवांगन | जय देवांगन | रामदेव यादव | चेतन यादव

समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाई-दूज
की हार्दिक बधाई... एवं शुभकामनाएं...

अरिहन्त डेवलपर्स
रमेश किराना स्टोर्स बड़गांव, डौण्डीलोहारा

- प्रभात डोसी
- रमेश डोसी
- पलाश डोसी
- सिद्धांत डोसी
- शशांक डोसी

दीपावली, लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा, भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

हरीश जनरल एवं स्टेशनरी
मेन रोड डौंडी लोहारा

टेलरिंग एंड फिशिंग मटेरियल शॉप



हरीश निषाद
मो. 9752702239

रंग-गुलाल, राखी एवं
सभी प्रकार के सीजनेबल सामानों के विक्रेता

हरीश फटाका दुकान

सस्ता पटाखा मिलने का एकमात्र स्थान



दूजराम निषाद

शॉप नं. 02 व शॉप नं. 18, लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम डौंडीलोहारा
हर अवसर पर फटाका उपलब्ध है।

दीपावली, लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा, भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

साहू ट्रांसपोर्ट & जेसीबी
दुर्गा फ्यूल्स के सामने डौण्डीलोहारा

निवास स्थान-
कसही (डौण्डीलोहारा) छ.ग.
संपर्क-
वीरेन्द्र साहू मो. 99937 97003
महावीर साहू मो. 9893777383



जेसीबी, हाईवा, माजदा,
टिप्पर, ट्रेक्टर किफायती दर पर
किराये पर उपलब्ध है।

शुभ दीपावली

साईज पत्थर, रफ पत्थर, बोल्डर, गिट्टी, रेत
मुरम, मिट्टी, आदि बिल्डींग मटेरियल सप्लायर



हरकेश साहू



दीपावली, लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा, भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

ठाकुर भोजनालय एवं बिरयानी सेंटर
अरोरा पेट्रोल पंप के आगे, मेन रोड, डौण्डीलोहारा

चटपटे एवं लजीज भोजन मिलने का एक मात्र स्थान।
कृपया एक बार पधारकर सेवा का मौका अवश्य दें।

संबंधित प्रतिष्ठान-भोले चाट कार्नर एवं नास्ता सेंटर पुराना नगर पंचायत चौक डौण्डीलोहारा



प्रो. संतोष राजपूत

दीपावली, लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा, भाई-दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

बीमा कराईये, सुरक्षा पाइए
विगत 24 वर्षो से अनवरत बीमा संबंधित कार्य हेतु आपकी सेवा में...



प्रेरणास्रोत- स्व. सुगनचंद लुंकड

भारतीय स्टेट बैंक कियोस्क शाखा
अब नयी साज सज्जा के साथ

नये प्रतिष्ठान- सदर लाईन जैन मंदिर के पहले वार्ड क्र. 07 डौण्डीलोहारा
मो. 9425296699, 9993383094, 9424102966



श्रीमती मीना बाई लुंकड | श्रीमती निर्मला लुंकड | प्रथम लुंकड | चिन्मय लुंकड



नरेन्द्र कुमार लुंकड
CM Club Member
Mob. 94252 96699

भारतीय जीवन बीमा के पॉलिसी तथा जीवन बीमा के क्षेत्र में नई-नई जानकारियाँ हेतु संपर्क करें-


संकलनकर्ता - पावन देवांगन, हरिभूमि संवाददाता, डौण्डीलोहारा मो. 9893341097

## खबर संक्षेप

### विधायक ललित ने क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को नरक चतुर्दशी और दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दिवाली पर आप सभी के जीवन से चिंता और दुःखों का नाश हो। आप सभी को सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और संपन्नता की प्राप्ति हो।

### ग्राम कोनारी निवासी हर्षिता बनेंगी सीए

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम कोनारी निवासी कामेश साहू सरस्वती साहू की बेटी हर्षिता साहू ने सीए फॉउंडेशन में मेरिट अंक लाकर माता-पिता का नाम रौशन किया। उन्होंने बताया कि लगातार कड़ी मेहनत और पालकों के सहयोग से ये मुकाम हासिल किया है। अपने लक्ष्य को दृढ़ संकल्प बना कर प्रतिदिन लगभग 5-6 घंटे पढ़ाई के लिए देते थे। सीए बनकर वाणिज्यिक क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती है।



### जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पंचायज राज अधिनियम, 1993 की धारा–30 के अन्तर्गत जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। उप संचालक पंचायत ने बताया कि उपरोक्त प्रारंभिक प्रकाशित सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर 8 नवंबर तक कार्यालय उपसंचालक, पंचायत जिला बालोद में अभ्यावेदन या आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

### दीक्षांत समारोह आज

**भिलाई।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई द्वारा दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन 30 अक्टूबर बुधवार को भिलाई में आयोजित किया गया है। सुबह 9 बजे से समारोह शुरु होगा। प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई सेनानी राजेश कुकरेजा ने बताया कि भिलाई के ट्रेड आरक्षक पुरुष (अकुशल) बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2024 का दीक्षांत परेड समारोह आईजी राम गोपाल गर्ग के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा। समारोह में अतिथि सलामी, परेड निरीक्षण, प्रशिक्षणार्थियों को शपथ ग्रहण, परेड मार्च पास्ट व समीक्षा कम, प्रतिवेदन वाचन, मुख्य अतिथि का भाषण, पारितोषिक वितरण, अतिथि प्रतीक चिन्ह भेट, उप सेनानी द्वारा आभार परेड निष्क्रमण आदि कार्यक्रम होगा।

### कंपनी के गोदाम से लोहे की प्लेट पार

**भिलाई।** लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया जामुल स्थित कंपनी के गोदाम से अज्ञात चोर ने लोहे की प्लेट चोरी कर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर निवासी राहुल देव बंसल ने शिकायत किया है कि लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया में ट्रेडर्स कंपनी का जामुल में गोदाम है। 22 अक्टूबर की सुबह पीड़ित को चौकीदार भीम बहादुर सोनी ने उसे चोरी होने की सूचना कॉल कर दी।

### लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की वारदगात को अंजाम देने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309 (2), 351(2), 126(2), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग निवासी आयुश यादव ई-रक्शिा चलाने का काम करता है। 26 अक्टूबर की दोपहर ई-रक्शिा में ग्रीन चौक से सवारी लेकर इंदिरा मार्केट लेकर आया। पीड़ित पटेल चौक के तरफ जाने के लिए निकला। तभी सद्धिार्थ नगर शनिचरी बाजार दुर्ग निवासी अरविंद परिहार और उसका साथी डिपरा पारा दुर्ग निवासी शम्भु ऊर्फ राजा ने रक्शिा रोका।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## योजना : ग्राम सिकोसा में पीएम आवास से साकार हुआ खुद के घर का सपना

# कलेक्टर ने दृष्टिबाधित कमला व दौलतराम को सौंपी उनके घर की चाबी, जलाया दीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 30 अक्टूबर को जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सिकोसा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही दृष्टिबाधित कमला बाई और दौलत राम के नवनिर्मित आवास में दिया जलाकर दीपोत्सव के पावन पर्व की अभिनव शुरुआत की।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गृह प्रवेश की रस्म पूरी करते हुए विधिवत पूजा–अर्चना कर कमला बाई एवं दौलत राम को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने कमला बाई एवं दौलत राम को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी, प्रमाणपत्र, मिठाई एवं उपहार प्रदान किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपने नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश के अवसर पर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अन्य आला अधिकारियों को अपने बीच पाकर दोनों हितग्राही बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। इन दोनों हितग्राहियों के अलावा मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आज से कुछ समय पहले तक अपने सुरक्षित आशियाने के लिए तरस रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के गरीब हितग्राहियों के घरों में पहुँचकर दीपों के पावन पर्व दीपावली पर्व का आगाज करने की कलेक्टर चन्द्रवाल के इस अभिनव प्रयास की भूरी–भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि आज से कुछ दिन पहले तक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राही दृष्टिबाधित कमला बाई के पास रहने के लिए सुरक्षित मकान नहीं था। कमला बाई ने बताया कि वे अपने नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास के बगल में स्थित खपरैल के जीर्णशीर्ण मकान में रह रही थीं। जिसके कारण उसे बहुत सारे परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर के बारिश के दिनों में इस खपरैल वाले मकान में पानी भी टपकता था। वहीं, कीड़े–मकोड़ों का भी भय बना रहता था।

कमला बाई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं जनहितैषी योजना के फलस्वरूप आज उसे अपने लिए सुरक्षित पक्का आशियाने का निर्माण करने का बहुप्रतिक्षित सपना का साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज मेरे नवनिर्मित आवास के गृह प्रवेश के अवसर पर जिला प्रशासन के मुखिया को अपने बीच पाकर मेरी खुशी दुगुनी हो गई है।



### गरीबी के कारण नहीं बना रहे थे पक्का मकान



दौलत राम ने बताया कि वे एक रोजी–मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले गरीब किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने बताया कि आज से कुछ दिन पहले तक इस नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास के समीप मिट्टी से बने अपने पैतृक निवास में निवास कर रहे थे। उनके मन में अपने लिए पक्का मकान बनाने का सपना तो था, लेकिन घर की माली हालत अत्यंत खराब होने की वजह से वह अपने सपने को मूर्त रूप नहीं दे पा रहा था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के फलस्वरूप आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के फलस्वरूप अपने एवं अपने परिवार के लिए पक्के आवास निर्माण का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज मेरे एवं मेरे परिवार के लिए पक्के आवास का निर्माण होना वास्तव में किसी बड़े सपने के साकार होने से कम नहीं है।

### कलेक्टर की उपस्थिति से अपनत्व का अहसास

इसी तरह कलेक्टर चन्द्रवाल एवं डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के अपने नवनिर्मित घर में गृह प्रवेश करने वाले एक और हितग्राही दौलत राम भी बहुत खुश था, उन्होंने कहा कि आज धनतेरस के पावन पर्व एवं गृह प्रवेश के शुभ अवसर पर कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को अपने बीच पाकर मैं बहुत ही प्रसन्नता एवं गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हमारे बीच उपस्थित होकर कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने मुझे एवं मेरे परिवार को अपनत्व का अहसास कराया है।

### अन्य योजनाओं का भी मिल रहा लाभ

इन दोनों हितग्राहियों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास मिलने के अलावा उन्हें एवं उनके परिवार को महतारी वंदन योजना, सामाजिक पेंशन, खाद्यान योजना आदि का लाभ समुचित रूप से मिल रहा है।

## गड़ईनडीह में स्थापित की गई मां लक्ष्मी की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम गड़ईनडीह में अमर ज्योति गणेश एवं लक्ष्मी उत्सव समिति के तत्वाधान में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना एवं दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम 29 अक्टूबर को रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घीना के समाज सेवी डालचंद जैन रहे। विशेष अतिथि तेजराम नागेंद्र, डेंगरापार सरपंच लताबाई, पंच चूमेश्वरी नागेंद्र, शारदा, चिंतुराम नागेंद्र, दयालुराम नागेंद्र, चोवा राम, एमन नागेंद्र, बिशाल सिंह चुरेंद्र, रूपसिंह रावटे, दीपक यादव मौजूद थे। समाजसेवी डालचंद जैन ने कहा कि यहां के युवा काफी उत्साही हैं। धर्म निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, जो आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत और अनुकरणीय है। इसी तरह गांव के नरोत्तम सिंह रावटे ने कहा कि लगभग 20 साल से गांव में माता लक्ष्मी की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है, युवाओं की एक जुटता के कारण ही यह संभव हो पाता है।

### विसर्जन 3 नवंबर को

3 नवंबर रविवार को हवन पूजन और विसर्जन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेख राम रावटे होंगे। विशेष अतिथि प्राचार्य शोभाराम, नरोत्तम सिंह, सरपंच लताबाई, जितेंद्र नागेंद्र ओंकार सिंह सहित अन्य मौजूद रहेंगे। 29 अक्टूबर को रात्रि पंडवानी पैरी वाली की प्रस्तुति भी हुई, तो वहीं समापन पर 3 नवंबर रविवार को रात्रि में रेंगनी वालों की रामधुनी की प्रस्तुति होगी।

## दीपावली पर रंगोली बनाने की परंपरा आज भी बरकरार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ अंचल के गांवों में घर–घर बनाई जाती है रंगोली

दिवाली हिंदुओं का बड़ा और पवित्र त्योहार है। दीपों के पर्व दिवाली के अवसर पर मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए रंगोली बनाने की परंपरा रही है। दिवाली के अवसर पर घरों को अलग-अलग तरह से सजाया जाता है। कुछ लोग पूरे घर को दीयों से रौशन करते हैं तो कुछ इलेक्ट्रिक लाइटों से, लेकिन जब तक घर को रंगोली से नहीं सजाया जाए, तो कुछ अधूरा सा लगता है। माना जाता है कि बिना रंगों के हर खुशी अधूरी है, इसी कारण से देश में लगभग हर बड़े त्योहार पर रंगोली बनाने की परंपरा है। दिवाली पर लोग रंगोली को जरूर बनाते हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि मां लक्ष्मी रंगोली से खुश होती हैं। कहा जाता है कि मां लक्ष्मी अपने कुमकुम लगे पैरों से वहीं प्रवेश करती हैं, जहां साफ-सफाई और रचनात्मकता होती है और रंगोली उसी रचनात्मकता का प्रमाण है।

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी निवासी पूर्वी मानिकपुरी, डाली मानिकपुरी, पिता फणीष मानिकपुरी ने बताया कि दिवाली के दिन रावण का वध करने के बाद जब श्रीराम अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों का वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने उनका पूरे हर्षोल्लास से स्वागत किया था। लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई करके उन्हें स्वच्छ बनाकर रंगों तथा फूलों की मदद से रंगोली सजाई थी और घर को दीपक से सजाया था, इसलिए तब से ही दिवाली पर रंगोली और दीए जलाने का नियम बन गया है। ग्रामीण क्षेत्र के कई घरों में आज भी यह परंपरा कायम है तथा दीवाली पर घरों में अलग-अलग प्रकार की रंगोली बनाकर पूजा की जाती है।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी, सुधार के आवेदन 28 नवंबर तक

24 दिसंबर तक किया जाएगा दावा–आपत्ति का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 6 जनवरी को किया जाएगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा–आपत्ति (फार्म–6 नए मतदाता बनने के लिए, फार्म–7 मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए एवं फार्म–8 मतदाता सूची में संशोधन, स्थानान्तरण, नया एपिक कार्ड प्राप्त करने के लिए) प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। जिसमें प्राप्त दावा–आपत्ति का निराकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 24 दिसम्बर तक किए जाएगें तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार 6 जनवरी को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऐसे नागरिक जिनकी उम्र 01 जनवरी 2025 को 18 साल पूर्ण कर हो गई है तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं करा पाए हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म–6 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई मतदाता अपने नाम में संशोधन, पते में परिवर्तन करना चाहते हैं वे फार्म–8 के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही 01 जनवरी 2025 के साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु को पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन मोबाईल एप्प या वोटर पोर्टल सर्विस के माध्यम से घर बैठे फार्म 6 भरकर अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

### इन तिथियों में लगाए जाएंगे विशेष शिविर

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान शनिवार 09 नवंबर, रविवार 10 नवंबर एवं शनिवार 16 नवंबर, रविवार 17 नवंबर को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहाँ मतदाता मतदान केन्द्र में मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## सिरपुर बगईकोन्हा में माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के पावन अवसर पर ग्राम सिरपुर बगईकोन्हा में प्रथम दिवस धनतेरस के दिन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जय मां लक्ष्मी युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा मां लक्ष्मी जी मूर्ति स्थापित की गई।

आचार्य पीलू राम साहू ने बताया कि मां लक्ष्मी धन की देवी है, जिसकी अराधना व पूजा से घर परिवार में सुख शांति की प्राप्ति होती है। आयोजक समिति में प्रेमलाल भुआर्य, तुलसी दास कुंजाम,किशन घरते, कुशलेश भंडारी, मानिकचंद भुआर्य हिमांशु सहारे, फितेश भुआर्य भुपेश भुआर्य, वेद राणा, दीप राणा एवं समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहा। पीलू राम साहू ने बताया कि पंच दीपोत्सव पर्व के चतुर्थ दिवस 2 नवंबर को रात्रि 8 बजे से ग्राम सिरपुर (बगईकोन्हा)में गोवर्धन पूजा के अवसर पर रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा है। जिसमें एकल, युगल व सामूहिक नृत्य होगा। प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## अंचल के शिक्षाविदों ने बच्चों को किया सतर्क

# पटाखे चलाते समय सुरक्षा का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

इन दिनों अंचल में दीपोत्सव का उत्साह चरम पर है। दीपावली पर लोगों में पटाखों को लेकर खासा आकर्षण रहता है। लेकिन, पटाखे फोड़ने के दौरान कुछ बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है, ताकि त्योहार के दौरान कोई अनहोनी न हो। क्षेत्र के शिक्षाविदों ने बच्चों से कहा है कि आतिशबाजी माता-पिता व बड़ों के साथ सुरक्षित रूप में करें।



सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि दीपावली अवकाश भारत की संस्कृति को माता पिता बड़ों छोटों के साथ जीवंत रूप में देखने समझने का सुंदर अवसर है। माता पिता बड़ों के मार्गदर्शन में दिनचर्या व्यतीत करें समय निकालकर होमवर्क या पढ़ाई में भी बच्चे रुचि लेकर अपना भविष्य संवारे। आतिशबाजी सुरक्षित ढंग से बड़े लोगों की उपस्थिति में ही करें।

### अंधेरा भगाने दीप जलाएं



हेडमास्टर छन्नूलाल साहू ने कहा कि प्रत्येक पर्व भारत की संस्कृति को महकाती है और दीपोत्सव अंधेरे को भगाकर प्रकाश फैलाता है। ऐसे महान पर्व में भगवान राम की अराधना का सुंदर अवसर भी आता है। उन्होंने कहा कि बच्चे आतिशबाजी करते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें।

### पीढ़ी दर पीढ़ी का सुहाना पर्व दीपोत्सव



संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि दीपोत्सव का पर्व जीवन में नई रोशनी देता है। भाईचारा और संस्कार को बढ़ाता है। प्रत्येक पर्व हमें मेल मिलाप के साथ चलना सिखाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि पटाखों को सुरक्षित ढंग से चलाएं।

### संस्कार का स्रोत दीपोत्सव



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पूरणलाल बारले ने कहा कि दीपोत्सव पर्व संस्कार का बहुत बड़ा स्रोत है। सुआ नृत्य राउत नाच जो घर घर जाकर भाईचारा विनम्रता का जीवंत संदेश देता है। अवकाश होने के कारण संस्कार का यह दृश्य बच्चों को रूबरू देखने समझने को मिलता है, जिसका गहरा असर बच्चों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि पटाखे संभल कर चलाएं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411